## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल आज कटनी प्रवास पर

**कटनी।** उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का गुरूवार 22 मई को प्रातः 4.10 बजे रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा कटनी रेल्वे स्टेशन पर आगमन होगा। इसके बाद वे सर्किट हाउस कटनी के लिये प्रस्थान करेंगें। उप मुख्यमंत्री प्रातः 9 बजे सर्किट हाउस कटनी में आमजन, पार्टी पदाधिकारी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगे। इसके बाद उपमुख्यमंत्री 9.40 बजे कटनी साउथ रेल्वे स्टेशन के लिये प्रस्थान करेंगे और यहां प्रातरू 10 बजे से अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित किये गये, कटनी रेल्वे स्टेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे रीवा के लिये सड़क मार्ग से कार द्वारा प्रस्थान करेंगे।

### मुहास में लोक सुनवाई, जनसंवाद कार्यक्रम आज

**कटनी।** विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में गुरुवार 22 मई को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगें। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। कार्यक्रम 22 मई को रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़िया में होगा। आयोजन शाम 4 बजे से निर्धारित तिथि और स्थान पर होगा।

### बुधवार को ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में हुए दो हादसे, बसों के बीच हुई टक्कर, मवेशी को बचाने में कार पलटी

# दो हादसों में तीन महिलाओं एवं बस ड्राइवर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार का दिन हादसों से भरा रहा। अलग अलग स्थानों में हुए हादसों में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल एक बस ड्राइवर ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। हादसों में करीब दो दर्जन घायल हुए हैं जिनको उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार पहल हादसा ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत खमतरा गांव के पास हुआ। एक कार के सामने अचानक मवेशी आ जाने से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पूरे खमतरा गांव में मातम छा गया है और मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के मुताबिक खमतरा निवासी बर्मन परिवार के लोग पिंडरई गांव में एक रिश्तेदारी के चौक समारोह में शामिल होने मंगलवार को कार से गए थे। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे सभी लोग समारोह से लौटकर खमतरा गांव की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार मुख्य मार्ग पर खमतरा गांव के पास पहुंची, तभी अचानक एक गाय सामने आ गई। गाय को बचाने की कोशिश में कार चालक ने नियंत्रण खो दिया और कार पलट गई।

कार पलटने के बाद उसमें सवार लोग बुरी तरह से फंस गए और चीखने-चिल्लाने लगे। आसपास के ग्रामीणों ने आवाज सुनकर घटनास्थल पर पहुंचकर तत्काल राहत कार्य शुरू किया और घायलों को कार से बाहर निकाला। इसी दौरान पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर ढीमरखेड़ा थाना पुलिस पहुंची और 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया।











### इनकी हुई मौत, ये हुए घायल

कार पलट जाने से सभी को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद शिवानी बर्मन (35), फूलबाई बर्मन (40) और रानी बर्मन (50), सभी निवासी खमतरा को मृत घोषित कर दिया। इनकी मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। दुर्घटना में मिथला बाई बर्मन (45), सीमा बर्मन (28), लक्ष्मी बर्मन (18), शिवरती बर्मन (40), काजू बर्मन (42) और रूद्र बर्मन (10) घायल हुए हैं जिनका उपचार जारी है।

पुलिस ने तीनों मृत महिलाओं के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया और बाद में शव स्वजनों को सौंप दिए। मामले की जांच की जा रही है। हादसे के बाद खमतरा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा रही, वहीं शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों का तांता लगा रहा।

### दो बसों के बीच हुई भिड़ंत

ढीमरखेड़ा थाना अंतर्गत दूसरा हादसा बुधवार को सुबह करीब साढ़े दस बजे हुआ। बताया जाता है कि सिलौंडी से दशरमन की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर दो यात्री बसें आमने-सामने से टकरा गईं। इस हादसे में दोनों बसों के ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन बसों में टक्कर हुई उनमें चौरसिया बस क्रमांक एमपी 21 पी 1511 सिलौड़ी से कटनी आ रही थी जबकि दूसरी ठाकुर बस सर्विस क्रमांक एमपी 51 पी 0174 जो दशरमन की ओर जा रही थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और ड्राइवरों को बस के अंदर से बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, पुलिस बल और प्रशासन मौके पर पहुंचे और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। राहगीरों और ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला और तुरंत पास के अस्पताल पहुंचाया। दोनों बसों में कुल मिलाकर करीब 60 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे में 5 यात्रियों को गंभीर चोटे आई, जिन्हें उमरियापान अस्पताल रिफर किया गया जबकि अधिकांश यात्रियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई जिनको सिलौड़ी अस्पताल में उपचार किया गया।

### इलाज दौरान हुई मौत

हादसे में दोनों बसों के ड्राइवरों को गंभीर चोटे आई। दोनो को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिलौड़ी चौकी प्रभारी ने बताया कि चौरसिया बस के ड्राइवर आशीष कुमार 30 साल निवासी उमरियापान की इलाज के दौरान मौत हो गई।

स्पीड एवं मोड़ बना हादसे का सबब

प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों वाहनों की अधिक गति होने एवं मोड़ पर ध्यान न देने के कारण यह हादसा हुआ। संकरे रास्ते और तेज रफ्तार के चलते ड्राइवर वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सके, जिससे यह दर्दनाक दुर्घटना घटित हुई। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन ओवरस्पीड और लापरवाही से वाहन चलाने की घटनाएं सामने आती रहती हैं, लेकिन प्रशासनिक हादसों को रोकने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

### सीवर लाइन के कार्यों से परेशानी होने के लगाए आरोप

# नदीपार के रविदास चौराहे पर चकाजाम प्रदर्शन से लगा जाम, परेशान हुए लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बुधवार को सुबह करीब 10.30 बजे नदीपार रविदास चौराहे में स्थानीय लोगों ने सीवर लाइन कार्यो से हो रहीं परेशानियों के विरोध में चक्काजाम कर दिया। लोगों ने रोड में बैठ कर रास्ता बंद कर दिया जिससे लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चक्का जाम के कारण जाम में फंसे लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने में परेशानियों से जूझते रहे। लोगों का कहना था कि सीवर लाइन कार्य से रोजाना कोई ना कोई हादसा हो रहा है। चक्काजाम के कारण आजाद चौक से बस स्टेंड तक लंबा जाम लग गया। चक्का जाम किए जाने की जानकारी लगते ही नगर निगम के अलावा प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुंचे। लोगों को समझाते हुए जाम को खुलवाने का प्रयास किया जाता रहा।



अधिकारियों ने जानकारी देते हुए कहा कि लगभग 15 दिन पूर्व ही महापौर प्रीति संजीव सूरी ने क्षेत्र का भ्रमण किया था और इस दौरान उन्होंने नदीपार रविदास चौराहे से लेकर जल्द से जल्द डामरीकरण सड़क बनाए जाने के निर्देश देते हुए लोगों से बातचीत भी की थी। जहां तक बात है सीवर लाइन से परेशानी की तो निगम कर्मचारियों के मुताबिक सीवर लाइन कार्य में शासन के निर्देश के अनुसार ही काम होता है सिविल लाइन में दो बरसात का पानी पढ़ना आवश्यक होता है। दो बरसात के बाद ही वहां पर कार्य पूर्ण किया जा सकता है। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य कराया जाता है।

सीवर लाइन प्रोजेक्ट हेड हार्दिक पटेल ने कहा की नदीपार क्षेत्र में तेजी से सीवर लाइन का कार्य चल रहा था। लगभग 15 दिन पूर्व स्थानीय लोगों ने एक शादी समारोह का हवाला देते हुए कुछ दिनों के लिए काम बंद करवा दिया था। इस दौरान टीम को दूसरे स्थल पर काम में लगा दिया गया। गत रात्रि जब दोबारा काम शुरू कराया गया तो वहां पर स्थानीय लोग विवाद करने लगे। रात में विवाद करते हुए लोगों ने काम फिर से बंद करा दिया और आज बेवजह आरोप लगाते हुए चक्का जाम किया।

### ऑटो एवं डंपर की भिड़ंत में एक घायल

**ढीमरखेड़ा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खमरिया के पास ऑटो और डंपर के बीच भिड़ंत हो गई जिसमें ऑटो में सवार बबलू सिंह को चोट पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार विलायत कला से कुटले क्रेशर गिट्टी लेने जा रहा था और खमरिया से ऑटो बड़वारा की ओर जा रहा था सिद्ध बाबा के दोनों वाहन आपस में भिड़ गए। ऑटो में बैठे बबलू सिंह को चोट पहुंची है।

### कछगवां में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन



**कटनी।** बुधवार को ग्राम पंचायत कछगवां में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा ग्रामीणजन से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली गई एवं पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवेदी को निर्देशित किया की जिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उन लोगों के कार्ड बनवाए जाने में सहयोग करें। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, सचिव, पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवेदी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को सौंपे कार्य दायित्व

# कटनी साउथ स्टेशन का आज पीएम करेंगे वर्चुअली लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अमृत भारत योजना अंतर्गत पुनर्विकसित कटनी साउथ रेलवे स्टेशन में का वर्चुअली उद्घाटन आज 22 मई को सुबह 9 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी टंडन ने बताया कि कटनी साउथ, सहित प.म.रे. के पांच रेलवे स्टेशनों में अमृत भारत योजना के अंतर्गत करीब 86 करोड़ से अधिक की लागत से पुनर्विकसित इन स्टेशनों में सौंदर्य, सुविधा और संस्कृति तीनों का समन्वय है। इन स्टेशनों पर भव्य प्रवेश द्वार, आकर्षक फसाड, हाई मास्ट लाइटिंग, आधुनिक प्रतीक्षालय, टिकट काउंटर, मॉर्डन टॉयलेट और दिव्यांगजन के लिए सुगम रैंप जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। प्लेटफॉर्म पर शेल्टर, कोच इंडिकेशन सिस्टम और सूचना के लिए डिजिटल डिस्प्ले लगाए गए हैं। सभी सुविधाओं को दिव्यांगजन अनुकूल बनाया गया है। वहीं, हर स्टेशन पर मध्य प्रदेश की लोक कला, संस्कृति और परंपराओं की झलक भी देखने को मिल रही है।

समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, प्रभारी मंत्री उदयप्रताप सिंह, विधायकगण संजय सत्येंद्र पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पांडेय, धीरेंद्र सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, निगमाध्यक्ष मनीष पाठक उपस्थित रहेंगे।

जिलाध्यक्ष दीपक सोनी ने सभी कार्यकर्ता, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी, प्रकोष्ठ/विभाग के संयोजक एवं संगठन के वरिष्ठजनों से सहित आमजनों को सुबह 9 बजे कटनी साउथ स्टेशन पहुंचकर इस आयोजन का साक्षी बनने का आग्रह किया है।

### कार्यक्रम के लिए दायित्व तय

कटनी साउथ जंक्शन रेलवे स्टेशन के उद्घाटन अवसर पर संचार सेवाओं के निर्बाध संचालन हेतु बीएसएनएल की केबल को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए किसी प्रकार की खुदाई नहीं करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रदान किए गए हैं।

अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में नगर निगम, एमपीयूडीसी, एमपीआरडीसी, एनएचएआई, एमपीईबी, पीडब्ल्यूडी, पीएचई आदि को निर्देश दिए गए हैं कि वे 22 मई तक निर्बाध कनेक्टिविटी के मद्देनजर जिले के प्रमुख आंतरिक एवं बाहरी मार्गों पर आने वाले स्थानों जैसे कटनी मेन एक्सचेंज, ओल्ड एक्सचेंज, ओएफके एक्सचेंज, अशोक कॉलोनी एक्सचेंज, एनकेजे एक्सचेंज, माधव नगर एक्सचेंज, टिकुरी एक्सचेंज, कलेक्ट्रेट एक्सचेंज स्लिमनाबाद, जुकेही, अन्य सिस्टम एक्सचेंज पॉइंट मार्गों पर किसी भी विभाग, इकाई एजेन्सी, संस्था द्वारा बीएसएनएल की केबल को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए किसी भी प्रकार के खुदाई का कार्य न करें। साथ ही अधीक्षण यंत्री विद्युत विभाग को 22 मई को संचार सेवायें निर्बाध रखने के लिए सतत विद्युत आपूर्ति संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### बका लेकर घूम रहे प्रौढ़ को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बका लेकर एक युवक को स्लीमनाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया व अनुविभागीय अधि. स्लीमनाबाद के मार्गदर्शन में लगातार बदमाशों और असामाजिक तत्वों पर स्लिमनाबाद पुलिस कार्रवाई कर रही है। मुखबिर व्दारा सूचना मिली की दारा उर्फ विनोद लुनिया पिता शिव प्रसाद लुनिया 51 निवासी छपरा जैसवाल ढाबा के सामने हाथ में लोहे का धारदार बका लिए हुए लहरा कर लोगों को इशारा धमका रहा है। सूचना के आधार पर स्लीमनाबाद पुलिस ने तत्काल घेरीबंदी की। बदमाश पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। जिसे पकडकर उसके हाथ से लोहे का धारदार बका बरामद किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्मस एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, प्रधान आरक्षक अंकित दुबे, आरक्षक मनीष पटेल, अभिषेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### मृत हथिनी का पीएम कर किया अंतिम संस्कार



**कटनी।** ढीमरखेड़ा के ग्राम कोसमघाट में हाथी की मौत बाद पांच डॉक्टरों की टीम पोस्टमार्टम किया। पीएम के बाद हाथी के अंतिम संस्कार किया गया। हाथी की मौत की वजह पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। वन विकास निगम कुंडम परियोजना के संभागीय प्रबंधक राहुल मिश्रा ने बताया कि करीब 58 वर्षीय मादा हाथी की मौत की घटना हुई है। नानाजी देशमुख वेटरनरी विश्वविद्यालय जबलपुर के डॉक्टरों की टीम में डॉ अमोल रोकड़े, डॉ. अनूप वैश्य, डॉ. रवि सोनी, डॉ. निधि राजपूत एवं डॉ. हिमांशु जायसवाल ने हाथी का पीएम किया है। इसके बाद जबलपुर डिप्टी कलेक्टर प्रगति तन्वी, क्षेत्रीय मुख्य महाप्रबंधक बृजेंद्र झा की उपस्थिति में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया की गई। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हाथी की मौत का खुलासा होगा कि आखिर किन कारणों से मौत हुई है। पशु चिकित्सकों के द्वारा सैंपल जबलपुर विटनरी विश्वविद्यालय और सागर भेजे जाएंगे। हाथी की मालिक टीकमगढ़ की महिला बताई जा रही है जिसे पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया गया है उल्लेखनीय है कि गत दिवस कोसमघाट में सड़क किनारे हाथी का शव पाया गया था। हाथी को साधु बाबा अपने साथ लेकर चल रहे थे और भिक्षाटन कर रहे थे।

### छात्रः छात्राओं को दिया जाएगा निःशुल्क सेमिनार 26 को

**कटनी।** शासकीय एवं प्रशासनिक सेवाओं में सिन्धी समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु, IAS, IPS, IFS के चयन में UPSC Exam में पर्याप्त मार्गदर्शन हेतु सिंधी समाज जिला कटनी द्वारा सिन्धी सेंट्रल पंचायत कटनी, सिंधी सेट्रल पंचायत माधवनगर, सिंधी सेंट्रल पंचायत शांतिनगर, सिंधु सेवा समिति कटनी के मार्गदर्शन में कटनी सिंधी समाज की अग्रणी संस्था सिन्धु नौजवान मण्डल (रजि) के तत्वाधान में वरुण संस्था एवं सिंधी काउंसिल आफ इंडिया कटनी के सहयोग से सिंधी समाज के छात्र/छात्राओं हेतु UPSC प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने प्रशिक्षका हेतु निःशुल्क सैमीनार का आयोजन 26 मई सोमवार को शाम 4:30 बजे नई बस्ती सरस्वती स्कूल मार्ग स्थित सिंधु झूलेलाल मंगलम में आयोजित किया गया है सैमीनार में रिटार्यड IPS माननीय राजाराम लखनऊ एवं कउंसलर जयेश शर्मा दिल्ली मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित होंगे कार्यक्रम में 100 बच्चों का रजिस्ट्रेशन पहले आओ पहले आओ के आधार पर किया जाना है प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 23 मई निर्धारित की गई है रजिस्ट्रेशन फार्म सिंधु झूलेलाल मंगलम चड्डा कॉलेज के सामने नई बस्ती, कृष्णा कैमिस्ट मिशन चौक में भरे जा रहे हैं।

## कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ के नेतृत्व में जांच दल ने कार्यवाही

# कार्रवाईः 5 ओव्हरलोड ट्रक, तीन बस सहित 3 पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में बुधवार को आरटीओ की टीम द्वारा कटनी से झुकेही मार्ग पर वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान 5 ओव्हर लोड ट्रक, 3 लोक सेवायान पब्लिक बस एवं 3 पिकअप वाहन बिना परमिट फिटनेस के पाये जाने पर उन्हें जब्त कर पुलिस थाना कुठला और कैमोर में सुरक्षार्थ खड़ा करा दिया गया है।

### कार्यवाही में ये रहे शामिल

वाहनों की सघन जांच के दौरान आरटीओ श्री पाल के नेतृत्व में परिवहन विभाग के कर्मचारी प्रदीप घोष, दिलीप बाथम और राजबहोर कोल शामिल रहे। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री पाल ने बताया कि ओव्हर लोड सामग्री परिवहन कर रहे मालयानों और बिना परमिट और फिटनेस के चल रहे यात्री सहित अन्य वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

### कार्यवाही कर थाना में खड़े कराएं वाहन

परिवहन आयुक्त और कलेक्टर श्री यादव द्वारा विगत दिनों भोपाल में हुए वाहन हादसे के बाद से जिले में सजग और सतर्क रहने के दिए निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पाल द्वारा निरंतर जिले के स्कूल बसों एवं लोक सेवायानों पब्लिक बसों की जांच सतत रूप से की जा रही है।

इसी क्रम में बुधवार को कटनी झुकेही मार्ग पर सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें 1 ओव्हर लोड ट्रक, 2 लोक सेवायान पब्लिक बस, एवं 3 पिकअप वाहन बिना परमिट फिटनेस के जब्त कर कुठला पुलिस थाना में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। इसी प्रकार 4 ओव्हर लोड ट्रक, 1 लोक सेवायान पब्लिक बस जब्त कर पुलिस थाना कैमोर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है।








## सड़कों पर मवेशियों के डेरा से आए दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढीमरखेड़ा

मवेशियों के कारण सड़कों पर हो रहे सड़क हादसों को रोकने सरकार ने योजना बनाई। कुछ दिनों तक मवेशियों को पकड़ने धरपकड़ अभियान जरूरी चला, लेकिन अब यह दिखावा बनकर रह गया है। उमरियापान से ढीमरखेड़ा मार्ग पर उमरियापान,बम्हनी,मडेरा,बनेहरी, गर्राघाट, पोंडी खुर्द, खिरवा, सिमरिया और ढीमरखेड़ा तक जगह जगह मुख्य सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा रहता है। ढीमरखेड़ा से दशरमन और ढीमरखेड़ा से खमतरा मार्ग पर भी सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है। उमरियापान की बात करें तो यहाँ मुख्य बाजार झंडा चौक,अँधेली बाग, पुलिस थाना के समीप सहित अलग अलग जगहों पर मवेशी डेरा जमाए रहते हैं। जिससे कि राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।सरकार ने सड़कों पर धूम रहे गौवंश सहित अन्य निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं और सुरक्षित स्थानों पर रखने के आदेश जारी किए। कुछ दिनों तक अफसरों ने जरूर खानापूर्ति किया लेकिन अब ग्रामीण क्षेत्र में अफसर इस अभियान को भूल गए हैं। सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण रात के समय में आये दिन दुर्घटनाएं होती हैं। बाइक में हेडलाइट धीमी रहती है और सड़क पर बैठे मवेशी कम उजाले में दिख नहीं पाते है, इस कारण अधिकतर मोटरसाइकिल सवार दुर्घटना का शिकार होते है। अधिकतर मवेशियों के तो रेडियम नहीं लगा होने के कारण वाहन चालकों को पता भी नहीं चल पाता और बड़े वाहन मवेशियों को कुचल देते है। ग्रामीणों का कहना है कि निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं में भेजने का प्रयास किया जाना चाहिए।

## सांदीपनि विद्यालय के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर दिये निर्देश

# निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए 13 सदस्यीय मानीटरिंग कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

जिले में संचालित सांदीपनि विद्यालयों के सुचारू रूप से संचालन और अधोसंरचना निर्माण कार्य की प्रगति की निगरानी के लिए जिले में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में 13 सदस्यीय जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी गठित की गई है।

### ये हैं समिति में

13 सदस्यीय जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति के अध्यक्ष कलेक्टर श्री दिलीप कुमार के अलावा अन्य सदस्यों में सीईओ जिला पंचायत, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यपालन यंत्री पीडब्लयूडी, कार्यपालन यंत्री पीएचई, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, जिला परिवहन अधिकारी, प्राचार्य (समस्त) सांदीपनि स्कूल, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नामांकित सदस्य, पुलिस कमिश्नर या पुलिस अधीक्षक या उनके प्रतिनिधि एवं जिला खाद्य अधिकारी को शामिल किया गया है। जिले में प्रगतिरत सांदीपनि विद्यालयों के समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को सुनिश्चित करने के लिए कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा करने एवं समीक्षा उपरांत पाए गए अवलोकनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

समिति यह भी देखेगी कि यदि निर्माण कार्य में अनुबंध अनुसार विलंब हो रहा है तो संबंधित ठेकेदार या निर्माण एजेंसी से विलंब के कारणों को ज्ञात कर बताए गए कारणों का परीक्षण जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति से कराई जाय। यदि परीक्षण में विलंब हेतु प्रशासनिक बाधाएं जैसे भूमि संबंधी, यूटिलिटि शिफ्टिंग संबंधी, ध्वस्तीकरण, अतिक्रमण, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय रहवासियों का विरोध, वैधानिक अनुमतियां नहीं प्राप्त होना इत्यादि हों तो उनका तत्काल निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।

### तो होगी कार्यवाही

इसी प्रकार जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समिति के परीक्षण या समीक्षा में विलंब हेतु यदि एप्को या वास्तुविदीय स्तर पर कोई कारण उद्भूत हो तो संबंधित वास्तुविद के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु अनुशंसा सहित प्रतिवेदन प्रेषित करें। निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य की मॉनिटरिंग में लापरवाही के चलते यदि कार्य में विलंब हुआ हो तो, उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें। परीक्षण उपरांत कार्य में विलंब एवं गुणवत्ता हेतु यदि संबंधित कार्य के लिए अनुबंधित निविदाकार के स्तर पर कोई कारण उद्भूत हो तो उनके विरुद्ध अनुबंध की कंडिकाओं के अनुरूप कार्यवाही करने हेतु अनुशंसा सहित प्रतिवेदन संबंधित निर्माण एजेंसी के मुख्यालय प्रेषित करें।

## गंदगी फैलाने वाले 13 दुकानों पर 2600 रूपए जुर्माना



नगर की सफाई सुचारू व्यवस्था को सुदृढ़ रखनें हेतु निगम प्रशासन के प्रयास अवनवरत जारी है। जिसके तहत अब दुकानों में डस्टबिन नहीं रखकर सार्वजनिक मार्गो में गंदगी फैलानें वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर बुधवार को निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा जोन क्रमांक दो एवं तीन के विभिन्न स्थलों दुर्गा चैक स्थित मुख्य मार्ग एवं तिलक कॉलेज पहुंच मार्ग में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्रीय दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों में डस्टबिन न रखनें तथा सार्वजनिक स्थलों में गंदगी फैलाने पर जुर्मानें की कार्यवाही की गई। नगर की सफाई व्यवस्था हेतु संचालित इस अभियान के तहत जोन क्रमांक 2 में की गई कार्यवाही के दौरान 9 दुकानदारों पर 1800 रूपये तथा जोन क्रमांक तीन में 4 दुकानदारों पर 800 रूपये का जुर्माना किया जाकर दुकानदारों को दुकानों में डस्टबिन रखनें तथा दुकान से निकलनें वाले कचरे को डस्टबिन में डालनें हिदायत दी गई।

# मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों की दें सूचना, जारी किया गया नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नई दिल्ली में, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए 'मानस' पोर्टल लॉन्च किया है। इसके तहत 24*7 हेल्पलाइन नंबर 1933 जारी किया गया है, जहां लोग ड्रग्स तस्करी करने वाले अपराधियों की सूचना दे सकते। इस नंबर पर किसी भी समय नार्को अपराधियों की जानकारी दे सकते हैं,जानकारी देने वालों की पहचान गुप्त रखी जाएगी। इसके साथ ही नशीली लत से उबरने के लिए आवश्यक परामर्श और पुनर्वास सहायता दी जाएगी,इसके लिए नागरिक 14446 पर संपर्क कर सकते हैं।

मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो के साथ साझा करने के लिए मानस नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन के टोल-फ्री नंबर 1933 पर कॉल कर सकते हैं,इसके अलावा मानस नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन को info.ncbmanas@ gov.in पर ईमेल पर भेज सकते है। इसके साथ ही नागरिक मानस वेब पोर्टल www.ncbmanas.gov.in का उपयोग करके एवं उमंग ऐप डाउनलोड करके मानस सर्च करके भी ड्रग्स संबंधी मामलों की जानकारी साझा कर सकते हैं।

### जानकारी देने वालों की पहचान रखी जाएगी गोपनीय

मानस-नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन प्लेटफॉर्म नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की एक अनूठी पहल है, जो नागरिकों को आगे आने और अवैध मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों के खतरे को रोकने के व्यापक प्रयासों में सामूहिक रूप से योगदान देने के लिए एक स्तंभ के रूप में कार्य करती है। यह 24x7 डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म मादक पदार्थों से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए समर्पित है, जिसमें मादक पदार्थों की अवैध तस्करी, बिक्री, खरीद, भंडारण, निर्माण तथा नशीली ड्रग्स या मनः प्रभावी पदार्थों की अवैध खेती शामिल है।



### महगवां में हुए जल संगोष्ठी में शामिल ग्रामीणों ने ली जल संरक्षण की शपथ

**कटनी।** विकासखंड बड़वारा के ग्राम महंगवा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संगोष्ठी बैठक का आयोजन किया गया। जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक नंदिनी वाटिया के मार्गदर्शन मे सर्वप्रथम नदी, पोखरों, कुंआ एवं बावड़ियों में जल स्तर कम होने के कारण भविष्य में होने वाली समस्याओं को बताते हुए विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी से आग्रह किया गया कि इस साल बारिश के मौसम में वर्षा जल को सभी लोग अपने-अपने घरों में 2 फीट का सोख्ता पिट गढ्ढा बनाकर वर्षा जल का संचय करें। जिससे गांव में उपलब्ध कुंआ, बावड़ी, नदी, तालाब का जल स्तर बढ़ेगा। सभी ग्रामीणों की नैतिक जवाबदारी मानते हुए यह कार्य करना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों और ग्रामीणजनों को जल बचाने के लिए शपथ दिलाई गई। जल संगोष्ठी बैठक में उपस्थित ग्राम पंचायत बरछेका सचिव श्याम सुंदर पटेल मौजूद रहे।

## विकास शुल्क की राशि जमा करने के शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 31 दिसंबर 2016 के पूर्व की चिन्हित अनाधिकृत कॉलोनियों के निवासियों को नागरिक अधोसंरचना उपलब्ध कराने हेतु निर्धारित विकास शुल्क की राशि जमा करनें की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर चार वार्डो में आयोजित होनें वाले शिविरों का बुधवार को समापन हुआ। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नागरिकों की सुविधा हेतु इंदिरा गांधी वार्ड, राम मनोहर लोहिया वार्ड, रफी अहमद किदवई वार्ड सहित बाबू जगजीवन राम वार्ड में विगत 16 मई से बुधवार 21 मई तक प्रातः 11 बजे से शाम पांच बजे तक वार्ड की कॉलोनियों में शिविर आयोजित करते हुए गठित दल द्वारा नागरिकों से विकास शुल्क की राशि जमा करने में सहयोग प्रदान किया गया।

प्रभारी सहायक यंत्री एवं प्रभारी अधिकारी कॉलोनी सेल अनिल जायसवाल नें जानकारी देते हुए बताया कि वार्डो में आयोजित शिविरों के दौरान नागरिकों से आवेदन प्राप्त कर खसरा आदि के मिलान उपरांत विकास शुल्क की गणना की जाकर डिमांड नोटिस जारी किए। इस दौरान 17 नागरिकों द्वारा 5 लाख 39 हजार 537 रूपये विकास शुल्क की राशि निगम कोष में जमा कराई गई। आयोजित शिविरों के दौरान नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त बैठक सहित कूलर एवं शुद्ध शीतल पेयजल आदि की व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किये गए थे।

## बड़वारा के जमुनिया गांव की झिरिया की हुई साफ-सफाई

# गीत-संगीत से दिया जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का सतत क्रयिान्वयन जारी है। इसके तहत विकासखण्ड बड़वारा के जमुनिया गांव की पानी की झिरया की ग्रामीणों के सहयोग से साफ-सफाई की गई।

मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने बताया कि लगातार गांव-गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान को सफल बनाने रोजाना गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी श्रृंखला में बड़वारा विकासखंड के जमुनिया गांव में झिरिया के आसपास व अंदर साफ-सफाई की गई। इसके बाद फग्गू भाई एवं सहयोगी साथियों द्वारा ढ़ोल-मजीरे की धुन में गीत-संगीत के माध्यम से जल को संरक्षित करने और जल की महत्ता का सन्देश दिया गया।

ग्रामीणों द्वारा बताया गया की यह झिरिया ग्रामीणों द्वारा जन सहयोग और श्रमदान से लगभग सौ वर्ष पहले खोदी गई थी। इसकी गहराई लगभग 25 से 30 फीट होगी। पहाड़ों के किनारे व पहाड़ के नीचे बना झिरिया पानी से लबालब भरा हुआ है। यह गर्मियों में भी नहीं सूखता है। जमुनिया गॉव एक छोटा आदिवासी बाहुल्य गांव है जहाँ पर 60 से 70 परिवार निवास करते हैं। शुरुआत में तो पूरा गांव झिरिया के पानी से ही गुजर-बसर करता था। पंचायत द्वारा हैंडपंप लगवाए जाने से गांव का कुछ हिस्सा हैण्डपम्प से तो कुछ झिरिया से अभी भी आश्रित है। इसके आलावा झिरिया के आसपास वाले लगभग 20 से 25 किसान खेती में सिचाई कर अच्छी उपज भी लेते है। ग्रामीणों ने यह भी बताया की हैंडपंप का पानी भले ही कम हो जाये या सूख जाये लेकिन झिरिया मे बाहमासी पानी बना ही रहता है। इस अभियान के दौरान ग्रामीणों को पानी का समुचित उपयोग करना, पानी व्यर्थ नहीं बहाना, वर्षा जल को रोकना आदि जानकारियां दी गई। कार्यक्रम में ओमप्रकाश यादव, गुलशन सिंह, रघुवीर सिंह व अन्य ग्रामीणों सहित 35 सहभगियों की उपस्थिति मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



### रोड स्वीपिंग मशीन से कटनी नदी पुल एवं ओव्हर ब्रिज की कराई गई सफाई

**कटनी।** नगर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों सहित अन्य मार्गो के सार्वजनिक मार्गो को साफ- सुथरा रखने के लिए निगम प्रशासन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर जहां एक और अधिकारी प्रातःकालीन नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर कमियों को दूर करनें के निर्देश दे रहे है वहीं दूसरी और फागिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुंए का छिड़काव विभिन्न स्थलों में किया जाकर मच्छरों से निदात दिलानें तथा मौसमी बीमारियों को फैलनें से रोकनें की कार्यवाही भी प्रचलित है। बुधवार को निगम के चारों जोन के विभिन्न वार्डो के सार्वजनिक मार्गो एवं मुख्य स्थलों की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। कटनी नदी पर निर्मित पुल एवं जगन्नाथ चैक से बरगवां तक निर्मित ओव्हर ब्रिज की रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से ब्रिज की धूल एवं मिट्टी की सफाई की जाकर मार्ग को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए।

### विधायक ने किया रक्तदान

**कटनी।** बारडोली फ्यूचर फाउंडेशन का दसवां रक्तदान शिविर बुधवार को आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग रक्तदान करने पहुंचे । रक्तदान शिविर में जिले में सर्वाधिक रक्तदान का रिकॉर्ड बना, यहां अभी तक 225 से अधिक लोग रक्तदान कर चुके हैं। विधायक संदीप जायसवाल के पुत्र सिद्धार्थ जायसवाल के जन्म दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक एवं उनके सभी परिवारजनों द्वारा भी रक्तदान किया गया। बड़ी संख्या में समाज सेवी संस्थाओं ,अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। शासकीय अस्पताल के सहयोगी जनों ने भी रक्तदान किया। इस दौरान कटनी हेल्थ व ब्लड डोनर सोसायटी, मिलन संस्था व अन्य की सहभागिता रही।

स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।

पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

## उर्स 2 जून को

**दमोह।** हजरत दूल्हा सैयद बाबा रहमतुल्लाह अलैह दमोह खादिम फीरोज शाह ने लिखित प्रेस विज्ञाप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि दरगाह व्यवस्था एवं पूर्व उर्स कमेटी के संरक्षण एवं लिखित दायित्व पर ही खादिम एवं दरगाह व्यवस्था कमेटी विगत दो वर्षों से उर्स का आयोजन करती आ रही है और इस वर्ष भी वर्ष 2025 का उर्स सम्पन्न होने जा रहा है. उर्स दिनां। 2 जून 2025 को होने का निर्णय लिया गया था। आप जनमानस से उम्मीद है आप वर्ष 2025 में उर्स में सम्मिलित होकर कामयाब बनाये।

## अंतरा फाउंडेशन और नवांकुर संस्था के संयुक्त प्रयास से जागरूकता कार्यक्रम

**बनवार।** अंतरा फाउंडेशन और नवांकुर संस्था के संयुक्त प्रयास से ग्राम मुवार में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के तहत मां एवं बच्चे के पोषण आहार और जल संवर्धन अभियान पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में भजन संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम और एलसीडी के माध्यम से ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। इस दौरान दमोह से प्रोग्राम ऑफिसर रोहित शर्मा, उप स्वास्थ्य परसवाहा सुपरवाइजर मनीषा तिवारी, सहज कार्यकर्ता ममता लोधी और नवांकुर संस्था से चैन सिंह लोधी उपस्थित थे। कार्यक्रम में लगभग 100 लोगों की उपस्थिति रही, जिनमें ग्राम की महिलाएं, किशोरी बालिकाएं, समिति के सक्रिय सदस्य, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल थीं। इसी दौरान ग्राम वासियों को स्वास्थ्य और जल संवर्धन के महत्व के बारे में जागरूक करना था।

### प्रदूषित कुल्फी खाकर बच्चे हो रहे बीमार, संबंधित विभाग व प्रशासनिक अमला बना मूकदर्शक

# गुणवत्ताविहीन कुल्फियों की भरमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में आइसक्रीम की विक्री भी जोरो से चल रही है। मुनाफे के फेर में आइसक्रीम हाथ ठेला संचालकों द्वारा इनके निर्माण में गुणवत्ता का बिलकुल ध्यान नहीं रखा जा रहा है। शहर में आइसक्रीम कुलफियों को खाने से छोटे-छोटे बच्चों मे जुकाम, खांसी जैसी बीमारियां फैलना शुरू हो गई हैं। अधिक मुनाफा होने की वजह से आइसक्रीम एवं बर्फ बनाने वाली फैक्ट्रियों में लापरवाही बदस्तूर जारी है। इन दिनो बर्फ से बनी आइसक्रीम के रूप में बीमारी को बढ़ावा देने वाले लोग सक्रिय हो गये हैं। शहर में आइसक्रीम हाथ ठेला में बनी कुलफियां खाने से छोटे छोटे बच्चे बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं वही प्रशासन एवं खाद्य महकमे द्वारा आइसक्रीम संचालकों व हाथ ठेला कुलफियो की जांच करने की जहमत नहीं उठाई जा रही है।

### आइसक्रीम व कुल्फियो की भरमार

इस धंधे में अधिक लाभ होने के कारण शहर में दर्जनों आइसक्रीम फैक्ट्रियों खुल गई हैं। जहां गुणवत्ता का किसी भी प्रकार से ख्याल नहीं रखा जाता है और न ही शहर के स्वास्थ्य महकमे से लेकर खाद्य विभाग के नुमाइंदे कोई कार्यवाही कर रहे हैं। बर्फ से निर्मित आइसक्रीम पांच रूपये से लेकर बीस रूपये तक में उपलब्ध कराई जा रही है। इसमें दुकानदारों को केवल अपने मुनाफे की चिंता रहती है, आइसक्रीम गुणवत्ता को ताक पर रखकर निर्माण किया जा रहा है।

### खाने के बाद बच्चे हो रहे बीमार

जानकारी के मुताबिक आइसक्रीम के निर्माण में विभिन्न तरह के रंगों एवं केमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य स्वास्थ्य की दृष्टि से हानिकारक है। बताया जाता है कि जो केमिकल रंग के लिए उपयोग किया जाता है वह भी गुणवत्ता का नहीं होने से छोटे छोटे बच्चों को खांसी, बुखार, हैजा, निमोनिया जैसी बीमारियों से ग्रसित होना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शहर में आइसक्रीम बनाने के लोहे के खांचे भी इतने पुराने हो चुके हैं कि उनमें जंग लग चुकी है और जंग लगे इन प्रदूषित खांची में भरकर उनमें रंग एवं केमिकल डालकर आइसक्रीम तैयार कर बीमारियों को खुला आमंत्रण दिया जा रहा है। इनमें शुद्ध पानी एवं साफ सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया जाता है।

## मां पीतांबरा पीठ के स्थापना दिवस पर आज होंगे आयोजन



**हटा।** नगर के देव श्री गौरी शंकर मंदिर प्रांगण स्थित मां पीतांबरा पीठ की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंदिर में विविध धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। पीतांबरा पीठ मंदिर के पुजारी पंडित सोनू मिश्रा ने बताया कि आज 22 मई जेष्ठ कृष्ण दशमी पर मां पीतांबरा की स्थापना महोत्सव मनाया जा रहा है जिसमें मां पीतांबरा का विशेष आलोकित श्रंगार कर पूजन अर्चन किया जावेगा वही 11 बजे से शाम 6 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन होगा तदोपरांत मां जगत जननी की संगीतमय महाआरती के साथ भजन संध्या का आयोजन किया जावेगा पंडित सोनू मिश्रा ने भक्तजनों से मां के स्थापना महोत्सव में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

## देवी मां किलेवाली के गर्भग्रह का हुआ पूजन



**नरसिंहगढ़।** मातेश्वरी जगत जननी की असीम कृपा प्रेरणा मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से ग्राम नरसिंहगढ़ की ग्राम देवी मां किलेवाली के गर्भगृह के पूजन का कार्यक्रम महंत श्री श्री 108 संतोषदास जी महाराज ( बड़ी शाला सीता नगर) के द्वारा सम्पन्न हुआ। मां किलेवाली के भव्य मंदिर के निर्माण का कार्य समस्त ग्राम एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से मां किलेवाली युवा समिति के तत्वाधान में किया जा रहा है । मंदिर के गर्भगृह के पूजन कार्यक्रम में वरिष्ठ गणमान्य जनों पं. बैजनाथ प्रसाद पाण्डेय,पं. संतोष पाठक (कृष्ण मंदिर नरसिंहगढ़),पं. जुगल किशोर मिश्रा ( राम मंदिर नरसिंहगढ़),पं. दिलीप मिश्रा (गणेश मंदिर नरसिंहगढ़ ) लक्ष्मण सींग लोधी ,पं. अनिल पाठक, मुकुंदी यादव, बद्रीप्रसाद गुप्ता, सुनील राय अशोक सिंह एवं समस्त जय मां किलेवाली युवा समिति के सदस्यों की उपस्थिति रही ।

## मुकर्रम वारसी एवं हबीब अजमेरी के मध्य कव्वालियों का मुकाबला होगा

**हिण्डोरिया।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्दू- मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक हजरत महबूब शाह बाबा रह.अलैय का 83 वां उर्स नगर हिण्डोरिया में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर एक और जहां 09 जून 2025 दिन सोमवार को संदली चादर नगर भ्रमण कर बाबा के मजार -ए- अकदस पर चढ़ाई जाएगी । वही 10 जून 2025 दिन मंगलवार की तमाम रात्रि हिंदुस्तान के मशहूर व मारूफ कव्वाल मुकर्रम वारसी एवं हबीब अजमेरी के मध्य कव्वाली एवं गजलों का यादगार मुकाबला होगा। उर्स के व्यवस्थित आयोजन एवं संचालन के लिए एक उर्स कमेटी का गठन किया गया है। जिसमे सर्व सहमति से अध्यक्ष जनाब रहीम खान मुकदम को बनाया गया। अध्यक्ष के व्दारा उर्स कमेटी मे सुधांशु चौबे, तैय्युब अली, हबीब राजा, शहजाद कुरैशी, शेख हुसैन, अकील खान,शेख असीम, दीपक खटीक, गुलाम बादशाह, साजिद खान, शानु आलराउंडर, डॉ. मुनब्बर अली, शेख शखावत, शाकिर मसीहा, नजीर खान, आशिक बकरा, सुजात खान इत्यादि को रखा गया। उर्स कमेटी के सदर जनाब रहीम खान मुकदम ने सभी अकीकत मंद हजरात से उर्स में बड़ी तादाद में शिरकत कर सहयोग करने की गुजारिश की है।



## जनपद सीईओ ने कोंरता ग्राम में लगाई ग्रीष्मकालीन धान की फसल

### सेमिनार के माध्यम से बताई विधि और फायदे, क्षेत्र वासियों ने जमकर सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

विकासखंड जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत कोंरता में जबेरा जनपद सीईओ डॉ रामेश्वर पटेल द्वारा ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाकर एक अनूठी पहल प्रारंभ की गई थी जो अब बहुत अच्छी बन पड़ी है। जिसको लेकर बुधवार को ग्राम कोंरता में सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों सहित क्षेत्र के किसानों ने इस पहल की एवं जनपद सीईओ के प्रयासों की जमकर सराहना की। कृषि में पीएचडी कर चुके मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रामेश्वर पटेल की अध्यक्षता में आयोजित किए गए सेमिनार में बताया कि मैंने सोचा कि शिक्षा का उपयोग यहां की खेती में किया जाए गर्मी के दिनों में क्षेत्र में खेत खाली पड़े रहते हैं कोई फसल नहीं लगाई जाती यदि पानी की उपलब्धता हो तो यहां कुछ नया कर सकते हैं। उन्होंने नवाचार करते हुए छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ग्राम कोंरता में ग्रीष्मकालीन धान की फसल लगाते हुए खेती की एक पहल प्रारंभ की गई। जनपद सीईओ श्री पटेल ने बताया कि ग्रामीणों और किसानों का कहना था कि गर्मी के दिनों में धान की फसल क्षेत्र में संभव नहीं है परंतु उन्होंने हार न मानते हुए खेत की मिट्टी का पीएच मान निकलते हुए उसे मिट्टी में केंद्र पदार्थ की कमी है उनकी पूर्ति की और लगातार प्रयोगो के आधार पर एक अच्छी धान की फसल को तैयार किया। जो कि जबेरा क्षेत्र ही नहीं दमोह जिले के साथ मध्य प्रदेश के लिए एक अनूठी पहल है। इस दौरान एसडीएम सौरव गंधर्व, तहसीलदार सोनम पांडे, नायब तहसीलदार अटल बिहारी वर्मा, नायब तहसीलदार राजेश साहू, थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान चौकी प्रभारी आलोक त्रिपुडे,सहायक संचालक कृषि शंकर लाल कुर्मी, कृषि वैज्ञानिक राजेश द्विवेदी,वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी नरेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में मृदा परीक्षण किया गया। इसके साथ ही सभी अधिकारियों ने धान की फसल को देखते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रामेश्वर पटेल की प्रशंसा की और कहा कि इस नवाचार से क्षेत्र के किसानों को लाभ होगा।

एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहा कि यह जो प्रैक्टिकल है यह दमोह जिले नहीं अपितु राज्य स्तर के लिए भी एक अनूठा उदाहरण है। कार्यशाला में सभी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित बड़ी संख्या में किसानों की उपस्थिति।

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुई संगोष्ठी

### लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व पर भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी का उद्घाटन हुआ

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी समाज सुधारक, धर्म परायण और प्रजावत्सल शासिका रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के पावन अवसर पर 31 में तक 10 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है जिसमे एक विचार संगोष्ठी का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम में रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार रखे। पूर्व जिला अध्यक्ष श्री प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर भारतीय इतिहास की ऐसी अद्भुत स्त्री थीं जिन्होंने अपने शासनकाल में धर्म, शिक्षा, और संस्कृति को बढ़ावा दिया। उन्होंने महिला नेतृत्व की सशक्त मिसाल पेश की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल ने रानी अहिल्याबाई को भारतीय संस्कृति की संरक्षिका बताते हुए कहा कि उन्होंने अपने शासन में कई मंदिरों का निर्माण कराया और तीर्थ स्थानों का जीर्णोद्धार करवाया, जिससे उनकी धार्मिक दृष्टि और लोकसेवा की भावना स्पष्ट होती है। जिला महामंत्री एवं कार्यक्रम संयोजक श्री गोपाल पटेल ने कहा कि अहिल्याबाई का शासन 'रामराज्य' का आदर्श उदाहरण था। उन्होंने करुणा, न्याय और अनुशासन का संतुलन बनाकर सुशासन की मिसाल कायम की। सह-संयोजक श्रीमती शिखा जैन ने रानी अहिल्याबाई को भारतीय नारीशक्ति की प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि उनके जीवन से आज की युवतियों को प्रेरणा लेनी चाहिए कि



एक महिला किस तरह समाज और राष्ट्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकती है। जिला उपाध्यक्ष श्री रमन खत्री ने कहा कि अहिल्याबाई ने न केवल शासन व्यवस्था को सुचारु बनाया, बल्कि उन्होंने जनता के लिए कल्याणकारी योजनाएं भी चलाईं, जो उन्हें एक संवेदनशील शासक बनाती हैं। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मालती असाटी ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने अपने जीवन में कभी किसी भेदभाव को स्थान नहीं दिया और हर वर्ग के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए।कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री श्री रामेश्वर चौधरी ने कुशलतापूर्वक किया एवं आभार पार्षद संगीता जैन ने माना । सभी उपस्थितजनों ने रानी अहिल्याबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। संगोष्ठी के पश्चात भाजपा पदाधिकारियो ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा कार्यालय में किया एवं सभी ने द प्रदर्शनी के माध्यम से उनके जीवन को समझने का प्रयास किया उक्त कार्यक्रम में जिला मंत्री संजय यादव वर्षा रैकवार, कार्यालय मंत्री रामलाल उपाध्याय मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार आईटी संयोजक रिंकू गोस्वामी गौरव पटेल नगर मंडल के अध्यक्ष रमाकांत वाजपेई एवं राजेंद्र चौरसिया, सहित नगर मंडल भाजपा पदाधिकारी महिला मोर्चा जिला महामंत्री सुमन पटेल केसर सूर्यवंशी राधा स्वामी रजनी साहू अनिता राय रेनू रजक निधि तिवारी, अमर सिंह राजपूत श्याम विश्वकर्मा श्याम दुबे राहुल पाठक विक्की जैन सहित महिला मोर्चा की समस्त पदाधिकारी एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

## सफलता के सूत्र कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया

**दमोह।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी. पी. चौधरी के निर्देशन में 17 मई को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में सफलता के सूत्र कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जी.पी चौधरी एवं समस्त प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक एवं महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की अनेक छात्राएं उपस्थित रहे एवं सभी ने यूपीएससी में उत्तीर्ण अभ्यार्थियों द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का लाभ लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रणव मिश्रा एवं डॉ. राजेश पौराणिक ने सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**दमोह।** मध्यप्रदेश शिक्षक संघ जिला दमोह की जिला कार्यकारिणी का बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की कार्यशैली राष्ट्र हित, शिक्षा हित, छात्र हित एवं शिक्षक हित, के उद्देश्य को लेकर शिक्षक संघ के गठन की रूपरेखा को उपस्थित सभी सदस्यों के बीच बताया गया दमोह जिले में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे अतिशेष की समस्या क्रमोन्नति, महंगाई भत्ता एरियर्स आदि की समस्याओं के बारे में विचार किया गया एवं निर्धारित समय सीमा में पेंशन प्रकरणों का निपटारा न होना अन्य स्रोतों का भुगतान निर्धारित समय सीमा में ना किया जाना, अर्जित अवकाश के आदेश जारी न किया जाना आदि अन्य समस्याओं के संबंध में विचार किया गया तथा निश्चित किया गया कि इस संबंध में माननीय कलेक्टर महोदय को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जावे। बैठक में जिला सचिव श्री



प्रमेन्द्र जैन के द्वारा विभिन्न समस्याओं के निवारण हेतु विकासखंड स्तर से लेकर प्रांत स्तर तक समस्याएं सुलझाने का आश्वासन दिया गया। इस बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र जैन, संभागीय सचिव पारस कुमार जैन, संगठन मंत्री लोकमन प्रसाद चौरसिया, सह संगठन मंत्री प्रदीप अग्रवाल संरक्षक प्रमोद कुमार जैन जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार सेन कोषाध्यक्ष अरविंद चौराहा जिला सह सचिव संजय पाठक जिला उपाध्यक्ष श्रीमती निशा चौकसे ,लक्ष्मण सिंह ठाकुर विकासखंड अध्यक्ष दमोह नितेश पाठक तहसील अध्यक्ष दमोह भूपेंद्र जैन ,पटेरा विकासखंड अध्यक्ष अमित जैन, हट्टा विकासखंड अध्यक्ष संदीप सोनी, के साथ नगर कार्यकारिणी अध्यक्ष आरबीसिंह पीडी मिश्रा अमित पांडे प्रभु दयाल तिवारी कोषाध्यक्ष विकासखंड दमोह,आदित्य चौरसिया पूर्व अध्यक्ष पटेरा विकासखंड श्री भागचंद जैन जिला उपाध्यक्ष सोनू मुड़ा ,प्रमोद परोहा शरद ताम्रकार बालकृष्ण चौबे सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही संघ द्वारा किए गए कार्य जैसे उच्च पद प्रभार, अतिशेस की कार्यवाही को रोकना इस वर्ष की सदस्यता शीघ्र करने आदि के संबंध चर्चा की गई। बैठक के उपरांत विकासखंड अध्यक्ष नितेश पाठक तहसील अध्यक्ष भूपेंद्र जैन द्वारा विकासखंड की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री वाय के कोरी जी को दिया गया विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रदत्त समस्याओं का निराकरण शीघ्र करने का आश्वासन दिया।

# आजीविका मिशन के समूह मूंग उड़द की खेती कर कमा रहे लाभ

### कृषि विज्ञान केंद्र दमोह के अधिकारियों द्वारा अनेक ग्रामों का भ्रमण कर किसानों को प्रगतिशील खेती की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा करवर जैंस की नीति के तहत आदिवासी समूहों को जवाहर नेहरू कृषि विश्व विद्यालय जबलपुर के सहयोग से कृषि विज्ञान केंद्र दमोह के द्वारा जबेरा जनपद के ग्राम ककरेंटा, देवतरा, मुड़ेरी, बंदरकोला, धनेटा, हरदुआ, कुसमी, सलैया बड़ी आदि ग्रामों के आदिवासियों द्वारा जायद की फसल के रूप में मूंग,उड़द की खेती कर अपनी स्थिति समृद्ध कर रहे हैं। जहां कृषि विज्ञान केंद्र दमोह द्वारा भ्रमण कर प्रगतिशील खेती के बारे में किसानों को विस्तार से बताया गया। साथ ही फसलों के बीजों उपरांत फसल की जमीनी हकीकत देखने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिक राजेश द्विवेदी एवं आजीविका मिशन



जबेरा से ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से इन ग्रामों का भ्रमण किया गया। जहां किसानों के द्वारा चर्चा के दौरान बताया गया की फसलों में भभूतियां रोग एवं मोजेक और इल्ली का प्रकोप देखा गया है। जिसका मुंह के पर ही फसल की किस्म का जायज लेते हुए किसानों से संवाद कर रोगों के निवारण हेतु एरेवा एवं रेलांस दवा लिख कर दी गई जो की उच्च गुणवत्ता की है और विधि अनुसार इसका उपयोग करने की सलाह दी गई। फसल की मानीटरिंग के दौरान गांव में जहां-जहां मूंग उड़द की फसले लगाई गई थी वहां वहां अब हरियाली दिखाई दे रही थी इससे अच्छा वातावरण निर्मित हो रहा था। मॉनिटरिंग के दौरान यह तथ्य निकाल कर सामने आया है कि उक्त दोनों फसलों का उत्पादन अच्छा हो रहा है। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के विज्ञानों द्वारा सभी किसानों से अपील की गई कि फसलों में कम से कम रासायनिक दवाइयां का उपयोग करें जिससे फसलों की गुणवत्ता अच्छी रहे। भ्रमण के दौरान पाया गया कि आजीविका मिशन के समूह जय बड़ादेव समूह,शिव समूह ,जय सेवा समूह, जिला अग्रणी समूह एवं गीता समूह आदि समूहों के द्वारा मूंग उड़द की खेती कर लाभ कमाया जा रहा है जिसकी अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से जवाहर नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के मार्गदर्शन में जबेरा विकासखंड के आदिवासी समूहो परिवारों के 30 किसान मूंग और 30 किसान को उड़द के बीज प्रदान किए गए थे। योजना का उद्देश्य था कि आदिवासी परिवारों के किसानों को जायद की फसल से जोड़ने के लिए कन्वर्सेशन योजना के तहत अभिनव पहल की गई थी। वही आजीविका मिशन से ब्लॉक प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा ने किसानों से अपील करते हुए कहां की हम सभी को वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए जैविक प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर होना पड़ेगा जिससे लोगों को अनावश्यक बीमारियों से बचाया जा सके क्योंकि रासायनिक खादों के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं जिससे हमारी जमीन की उत्पादन क्षमता कम हो रही है। कार्यक्रम में मुड़ेरी सरपंच प्रकाश सिंह धुर्वे का सराहनीय योगदान रहा जिन्होंने विकासखंड के आदिवासी अंचलों में घूम-घूम कर अच्छे और जागरूक किसानों का इस कार्य के लिए चयन करवाया और लगातार मानीटरिंग भी कर रहे हैं।

## भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्य तिथि मनाई

**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में संचार के जननायक भारत रत्न राजीव गांधी की पुण्यतिथि जिला कग्रेस कार्यालय में उनके द्वारा देशहित दिये गये योगदान का स्मरण किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि आज भी उनके चित्र देखकर ही लगता है कि उनका व्यक्तित्व और कृतित्व शांत एवं शालीन रहा है। आज पंचायत स्तर पर जितना भी विकास हो रहा है यह पंचायती राज व्यवस्था उनके द्वारा ही लागू की गई। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही वह पार्टी है जिसने देशहित में बलिदान दिये उसके मन में सदभावना थी भाजपा की तरह दुरभावना नहीं। पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि उनका सौम्य चेहरा आज की आंखो के सामने झलकता है हम उन्हें भुला नहीं पायेगें। लालचंद राय, आशीष राय, तिलक सींग, रजनी ठाकुर, बबलू भट्ट, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, शमीम कुरैशी, अरूण मिश्रा, रत्नेश चर्तुवेदी, पवन यादव, पंकज खत्री, गीता लोधी, खिल्लु ठाकुर ने भी अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि संचार क्रांति के महानायक ने सुपर कप्म्यूटर बनाने का श्रेय उन्ही को जाता है आज हर हाथ में मोबाइल लेपटाप एवं अन्य तरह के संचार साधन जो आज हमारी जरूरत बन गये है उनके ही कार्यकाल में इनका अभिष्कार हुआ। इस अवसर पर अशोक विश्वकर्मा, मानक अहिरवार, इनायत अली, कमला अहिरवार समेत कोचिंग के बच्चो की मौजूदगी रहीं।

## खबर संक्षेप

### बाल विवाह में सम्मिलित लोगों के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध

**दमोह।** परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास सुलेखा ठाकुर ने बताया वधु की उम्र 18 वर्ष पूर्ण नहीं होने, नाबालिक होने की श्रेणी में आने पर भी लड़की की शादी कराये जाने के उपरांत विधि विरूद्ध कार्य कारित करने के आरोप में दमोह पुलिस कोतवाली में प्रथम सूचना रिपोर्ट वधु पक्ष के पिता एवं वर पक्ष के पिता एवं विवाह में सम्मिलित लोगों के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत धारा 9, 10,11 बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 का अपराध प्रथम दृष्टया घटित होने पर पंजीबद्ध किया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**दमोह।** जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुम्मेर ढाबा के आगे एक किसी वाहन की टक्कर लगने से बाइक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुची तथा हादसे के शिकार व्यक्ति को अस्पताल भिजवाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। मृतक की पहचान अमित पिता अवध राज सिंह गौड़ 26 वर्ष मागंज वार्ड-5 लोको, दमोह के रूप में हुई है।

### 23 मई को निकाली जायेगी तिरंगा यात्रा

**हिण्डोरिया।** भारतीय सेना केहरसमय प्रदर्शित शौर्य, अदम्य साहस एवं पराक्रम को सम्मान एवं प्रोत्साहन देने के लिए आगामी 23 मई 2025 दिन शुक्रवार को समय शाम 6:00 बजे से नगर हिंडोरिया में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह तिरंगा यात्रा खिरका मुहल्ला स्थित महात्मा ज्योतिवा फुले चौक से प्रारंभ होकर मेंन मार्केट होते हुए मुख्य मार्ग से बस स्टैंड चौगडडा पहुंचेगी। यहाँ विश्व रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात यात्रा पुनः इसी रूट से मेंन मार्केट क्षेत्र में आकर समाप्त होगी । जहाँ भारतीय सेना के शौर्य पर वक्ताओं व्दारा प्रकाश डाला जायेगा। साथ ही नगर के भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान भी किया जायेगा। इसके पश्चात प्रसाद वितरण कर तिरंगा यात्रा का विधिवत समापन किया जाएगा। इस गैर राजनीतिक तिरंगा यात्रा में नगर के सभी वर्ग-समुदाय के लोग शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी से बड़ी संख्या में तिरंगा यात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### पुलिस ने हथियार लिये घूम रहे कुख्यात आरोपी को पकड़ा

# पुलिस को देखकर आरोपी पहाड़ पर चढ़ा, पुलिस ने पीछा कर पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एएसपी संदीप मिश्रा, एसडीओपी रघु केसरी के मार्गदर्शन में हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर के नेतृत्व में बांदकपुर चौकी पुलिस ने अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसते हुए दो बड़ी कार्यवाही की हैं। चौकी प्रभारी एएसआई राजेंद्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक भगवानदास दाहिया और आरक्षक राजकुमार लोधी की टीम ने आरोपी लकी यादव को एक 12 बोर का कट्टा और एक कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस से बचने के लिए पहाड़ पर चढ़ गया लेकिन घेरा बंदी करके उसे पकड़ने में पुलिस ने सफलता प्राप्त की है। लकी यादव के खिलाफ थाना हिंडोरिया में अपराध क्रमांक 210/25, धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्यवाही की गई हैं। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी, कि लकी यादव अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है.सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

#### चौकी प्रभारी ने दिखाई बहादुरी

बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने अपनी जान जोखिम में डालकर एक कुख्यात अपराधी लकी याद्व को पकड़ने में सफलता हासिल की। लकी याद्व पर पूर्व में अनेक मामले दर्ज थे, जिनमें मारपीट, गुंडागर्दी, और अपहरण जैसे अपराध शामिल थे। अपराधी लकी याद्व ने पुलिस को देखकर धमकी दी कि अगर वे पास आए तो वह गोली मार देगा। लेकिन चौकी प्रभारी मिश्रा ने उसकी धमकी को नजरअंदाज करते हुए उसे पकड़ने के लिए दौड़ लगा दी। उन्होंने 2 किलोमीटर तक तेज धूप में अपराधी का पीछा किया और उसे पकड़ लिया। चौकी प्रभारी मिश्रा को पहले ही उनके वीरता पूर्ण कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें मंच से सम्मानित किया था और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को उन्हें आउट ऑफ टर्न प्रमोशन देने के लिए निर्देशित किया था।

## बोलेरो में अवैध शराब की तस्करी, एक गिरफ्तार दूसरा फरार



**बनवार।** बांदकपुर चौकी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए बनवार चौकी के गांव पटना मानगढ़ में अवैध शराब की तस्करी करते हुए जुझारघाट तिराहा आम रोड पर एक बोलेरो वाहन से 100.2 लीटर शराब जब्त की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपी शंभू उर्फ श्यामलाल साहू को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य पटना मानगढ़ निवासी आरोपी फरार है।जिसके घर यह अवैध शराब जा रही थी धर्मपुर दमोह से पटना मानगढ़जा रही अवैध शराब को बांदकपुर पुलिस ने बोलेरो वाहन से 04 पेटी प्लेन शराब, 01 पेटी लाल मसाला, 02 पेटी हंटर बियर, और 02 पेटी पावर कूल बियर जब्त की है, जिसकी कुल कीमत 34,600 रुपये है। इसके अलावा, बोलेरो वाहन की कीमत 3 लाख रुपये बताई जा रही है। बता दें बनवार बम्होरी क्षेत्र के शराब माफिया एक दूसरे के क्षेत्र में बड़ी तादाद में शराब फेंक रहे है वही इनके क्षेत्र में दूसरे शराब माफिया शराब फेंकने का गोरख धंधा बे रोक टोक चल रहा है लेकिन नोहटा थाना की बनवार पुलिस इन शराब माफियों पर कार्यवाही नहीं कर रही लेकिन बनवार क्षेत्र की सीमावर्ती बांदकपुर पुलिस के द्वारा निरंतर अवैध शराब पकड़ने की कार्यवाही कर रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी हिण्डोरिया उनि धर्मेन्द्र गुर्जर द्वारा गठित टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में सउनि राजेन्द्र मिश्रा, प्र. आर. अभिषेक, प्र. आर. प्रदीप, प्र.आर. भगवानदास, आर. इंदजीत, और आर. राजकुमार शामिल थे। बांदकपुर पुलिस अब पटना मानगढ़ निवासी फरार शराब तस्करी के आरोप की तलाश में जुटी हुई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। जिसकी गिरफ्तारी से कहां कहा अवैध शराब की तस्करी की जा रही उसका भी नेटवर्क खंगालने में जुट गई इस कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक दमोह और अति. पुलिस अधीक्षक दमोह ने थाना प्रभारी हिंडोरिया एवं बांदकपुर चौकी प्रभारी और उनकी टीम को बधाई दी है।

## अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 10 आरोपियो से अवैध शराब जप्त



**दमोह।** दमोह कोतवाली पुलिस की अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही, अलग-अलग स्थानो पर दबिश देकर 10 आरोपियो से अवैध शराब जप्त किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा अवैध शराब निर्माण, विक्रय, एवं परिवहन करने वालो पर अंकुश लगाने एवं इनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है जो पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक दमोह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष कुमार के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 20.05.2025 को थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अलग अलग स्थानों पर दबिस देकर अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 10 आरोपियो से 300 पाव देशी शराब 20 बीयर 10 लीटर कच्ची शराब कुल-79 लीटर शराब जप्त की गई आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए पृथक-पृथक 10 प्रकरण पंजीबद्ध किये गये। आरोपी- 1. रीतेश पिता रामलाल अहिरवार उम्र 31 साल नि. नगर पालिका के पीछे दमोह, राहुल पिता प्रेमशंकर बरदिया उम्र 29 साल , 3. रवि पिता बालसींग कुंचबदिया उम्र 38 साल नि. जबलपुरनाका दमोह, दीपक पिता रमेश चक्रवर्ती उम्र 21 साल नि. गडरयाउ मोहल्ला दमोह, रत्तू पिता शिवराज बसोर उम्र 48 साल नि. गडरयाउ मोहल्ला, राजू पिता सुरेन्द्र ठाकुर उम्र 32 साल नि. धुवातला के पास दमोह, लकी उर्फ लोकेन्द्र पिता राजकुमार रोहित उम्र 30 साल नि. धमपुरा दमोह, संदीप पिता राजेन्द्र ताम्रकार उम्र 42 साल नि. न्यू दमोह, देवेन्द्र पिता कन्हैयालाल रैकवार उम्र 30 साल नि. पुराना बाजार नं. 2 दमोह, मुन्नालाल पिता लखनलाल प्रजापति उम्र 42 साल नि जटाशंकर बीड़ी कालोनी को पकड़ा गया है। पुलिस ने 300 पाव देशी शराब, 20 बीयर, 10 लीटर कच्ची शराब कुल 79 लीटर, कीमती 33000/- का मशरूका जब्त किया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों में निरीक्षक मनीष कुमार, उनि सियाराम सिंह, सउनि साहब सिंह, प्र.आर. कृष्णकुमार दुबे, प्र.आर घासीराम, प्र.आर तुलसीराम, प्र.आर. सरमन, प्र.आर. महेन्द्र, प्र.आर प्रमोद चौबे, प्रआर राजेश ठाकुर, प्रआर अनेन्द्र, प्रआर भगवत, प्रआर कलीम खान, आर. ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आर राजकुमार ठाकुर, आर. गनपत, आर. देशरजा, आर, रूपनारायण, आर. कृष्णकुमार, आर. नरेन्द्र पटेरिया, आर. योगेन्द्र राजपूत, आर. आसिफ, आर. हिमांशु, आर. रामकुमार, आर. शैलेन्द्र, आर. उमेश म.आर साजली, बिमला, आरती शामिल है।

## पथरिया की बेटी ने देश में बढ़ाया मान

# यूपीएससी में 95 वी रैंक पाकर श्रुति बनी भारतीय वन सेवा अधिकारी

**पथरिया।** कहते है मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है ।कुछ ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है नगर के किराना व्यापारी दिनेश जैन की बेटी श्रुति ने जिन्होंने भारतीय वन सेवा यूपीएससी आईएफएस में 95 वी रैंक पाकर परिवार,नगर व समाज का नाम रोशन किया। श्रुति जैन के परिवार में माता पिता दिनेश, संध्या जैन भाई संभव हैं प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया कक्षा पांच तक हुई। पढ़ने में अत्यधिक रुचि होने के कारण श्रुति का नवोदय विद्यालय हटा में चयन हो गया और बारहवीं तक अध्ययन कर एन आई टी भोपाल इंजीनियरिंग से स्नातक तक पढ़ाई की फिर कुछ बड़ा करने की ललक के सिविल सर्विस की तैयारी प्रारंभ कर दी जिसके लिए उनका चयन जैन समाज की बड़ी संस्था जीतो संस्थान जयपुर और दिल्ली में 3 वर्ष तक पूरी शिद्दत से यूपीएससी में चयन होनी की कसम खा ली फिर क्या था लक्ष्य की प्राप्ति मई 2025 में पूर्ण हो गई। श्रुति नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय स्तर तक बास्केट बाल खेलने गई। अपनी सफलता का श्रेय अपने माता,पिता और गुरुजनों को देती है साथ ही पर्यावरण संरक्षण में यथा संभव प्रयास करने की प्राथमिकता व्यक्त की। इस उपलब्धि परिवार सहित समाज जनों एवं नगरवासियों में शुभकामनाएं प्रेषित की।




# गर्मी के मौसम में भी नहीं हो सका हैंड पंपों का सुधार

**गैसाबाद।** इस भीषण गर्मी में जहां लोगों को पानी की अधिक आवश्यकता पड़ती है वहीं दूसरी ओर ग्राम के अधिकांश हैंड पंप कई महीनो से बंद पड़े हुए हैं जिसका सुधार कार्य कराने की जरूर किसी ने नहीं समझी पीएचई विभाग की उदासीनता एवं कर्मचारियों की मनमानी के चलते ग्रामीण जन पानी को परेशान हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड नंबर 2 साहू मोहल्ला का ,आजाद चौक का गुड्डा विश्वकर्मा के मकान के आगे वाला एवं बड़ी देवी शीतला माता मंदिर के पास के दोनों हेड पंप मुस्लिम मोहल्ला का हेड पंप कई महीनो से बंद पड़े हुए हैं। जिससे लोगों को पीने के पानी की असुविधा हो रही है। ग्रामीण जन बताते हैं कि ग्राम के बस स्टैंड एवं हरदौल बाबा के पास वाले हेड पंपों में आमजन की सुविधा के लिए मोटर डाली गई थी जिससे आम लोगों को पानी की सुविधा मुहैया हो सके, लेकिन उसमें भी भाई भतीजा बाद चलाया जा रहा है। लोगों ने हरिभूमि को बताया कि कुछ दिन पहले तो बस स्टैंड के हेड पंप में डली मोटर से एक निजी मकान निर्माण के लिए बाकायदा सटक डालकर पानी की सप्लाई होती रही है। हालांकि बाद मे जिसकी सटक थी उसने अपनी सटक निकाल ली थी। लोग बताते हैं कि प्रधानमंत्री नल जल योजना वाले नल भी आधे अधूरे खोले जाते हैं। किसी-किसी मोहल्ले के नलों में तो पानी पहुंच ही नहीं पता है। ग्रामीण जनों ने बिगड़े पड़े हेड पंपों का सुधार कराए जाने की मांग की है।



## विधायक रामसिया भारती का किया स्वागत



**पथरिया।** बड़ामलहरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक रामसिया भारती के विधायक चुने जाने के बाद प्रथम बार नगर आगमन पर दमोह रोड पर समस्त यादव परिवार द्वारा भव्य स्वागत किया स्वागत करने वालों में बाल कृष्णा यादव,रामरतन यादव राष्ट्रीय संयोजक आजाद भारत पार्टी,हरिदास यादव रूपेश यादव,गोपाल कृष्ण यादव श्रीमती कमला, सुमन यादव कृष्णरानी यादव समस्त परिवार उपस्थित रहा।

# सांसद ने की उल्दन बांध के कार्य प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने दमोह संसदीय क्षेत्र की बण्डा विधानसभा अंतर्गत ₹2610.54 करोड़ रुपए की लागत से निर्माणाधीन उल्दन बांध (बण्डा) वृहद सिचाई परियोजना की कार्य प्रगति की समीक्षा की। मौका स्थल की जांच उपरांत संबंधित अधिकारियों को कार्य को गुणवत्तापूर्ण एवं समय सीमा में पूर्ण करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए एवं डूब प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनको आश्वस्त कराया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप शीघ्र ही मुआवजा देने की कार्रवाई पूर्ण की जाएगी साथ ही विस्थापन के लिए ग्राम- पनारी में सर्व सुविधायुक्त कॉलोनी तैयार की जा रही है जिसमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होगी। इस परियोजना से 333 ग्रामों की कुल 80 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस अवसर पर विधायक बंडा वीरेंद्र सिंह लंबरदार जी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष जाहर सिंह जी, जनपद अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह लंबरदार जी, मंडल अध्यक्ष एवं स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण की उपस्थिति रही।

# अनियमितताओं के चलते कमेटी ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**दमोह।** लोको वाले बाबा हजरत दुल्हा सैयद हसन अली शाह रहअ कमेटी के नये गठन के संबंध में दरगाह पर 16 मई 2025 को बैठक की गई थी जिसमें पूर्व के सदस्य व दरगाह खादिम फीरोज शाह, तुगलक भाई, शरीफ पेंटर एवं अन्य लोगों की सर्वसहमति से नये अध्यक्ष पद के लिए सुनील राय, उपाध्यक्ष साजिद रिजवी, बसीम खान, शरीफ सिद्दीकी, सचिव मुख्तार खान, कोषाध्यक्ष उमर खान एवं सदस्य सरताज खान, महमूद अंसारी को नियुक्त किया गया था और गठन के बाद फीरोज शाह, तुगलक भाई, शरीफ पेंटर ने बताया उर्स 2 जून 2025 को होना तय किया गया है जिसमें नई कमेटी ने बोला इतनी जल्दी तैयारी एवं चंदा कैसे होगा तो दरगाह खादिम फीरोज शाह ने बोला कि हम लोगों ने 30 बंदी छपवाई हैं और लोगों को चंदा करने के लिए बाट दी है और दरगाह की चदा की पेटी में रखी हुये पैसों की जानकारी देंगे। इन सभी बातों से सहमत होकर नई कमेटी ने सहमति दर्ज कराते हुए फीरोज शाह मुजाबिर फीरोज तुगलक, शरीफ पेटर एवं उपस्थित अन्य लोगों ने पूर्व के हिसाब के लिए एक बैठक का आयोजन करना तय किया। लेकिन नई कमेटी गठित होने के तीन दिन बाद भी न बंदियों का न पेटी का ब्यौरा कमेटी अध्यक्ष को नहीं दिया गया तब कमेटी अध्यक्ष सुनील राय जी ने एक बैठक 19 मई 2025 को शाम 7 बजे शाम तय की जिसमें फीरोज शाह मुजाबिर, फीरोज तुगलक, शरीफ पेंटर एवं अन्य पदाधिकारिथों तथा नवगठित कमेटी को बुलाया। नवगठित पदाधिकारी 3 घंटे तक मीटिंग में बैठे रहे लेकिन पूर्व कमेटी एवं दरगाह मुजाबिर फीरोज का रेगूलर फोन लगाने के बाद भी हीं आये और न ही संतोषजनक जबाब दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शालीमार प्रिंटर्स के यहाँ 40 बंदियों प्रिंट की गई थीं लेकिन 30 बंदियों बताई गई थी जिससे यह स्पष्ट होता है कि 10 बंदियों की जानकारी छुपाई गई इस कारण वित्तीय अनियमितताओं एवं पारदर्शिता के अभाव में नवगठित कमेटी ने सामूहिक इस्तीफा देने का निर्णय लिया जो कि आज हम सब मीडिया के सामने इस्तीफा दे रहे हैं। इसलिए हम सभी ने तय किया है कि किसी भी धर्म की कमेटी या संगठन धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करती है तो उसका आय-व्यय का ब्यौरा कार्यक्रम के उपरांत तहसील कार्यालय में जमा किया जाये जिससे जनता संतुष्ट हो और जनता के दिये गये पैसों की पारदर्शिता बनी रहे।

# एम एल बी में समर कैंप का समापन

### छात्राओं ने सीखे संगीत एवं नृत्य की विभिन्न विधाएं, कचरा से कंचन रहा विशेष आकर्षण



**दमोह।** शासकीय एमएलबी कन्या विद्यालय में बुधवार को समर कैंप का समापन किया गया। 01 से 20 मई तक चले कैंप में छात्राओं ने संगीत और नृत्य की विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया इसमें कचरा से कंचन विधा में छात्राओं ने कबाड़ से जुगाड़ कर फ्लावर पार्टस, वाल हेंगिंग, पेन स्टेंड, त्रिपुति बालाजी जैसे अनेक आकर्षक चीजें बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एडीपीसी प्रमुख मोहन राय रहे वहीं अध्यक्षता संस्था प्रमुख डॉ आलोक सोनवलकर ने की। सम्माननीय अतिथियों में श्रीमती प्रेमलता उपाध्यक्ष, श्रीमती पुष्पा त्रिपाठी, श्रीमती निशा असाटी, श्रीमती सीमा अग्रवाल कार्यक्रम में उपस्थित रही। अपने उद्बोधन में मोहन राय ने प्रशिक्षित छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की और प्रशिक्षकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह समर कैंप इसलिए आयोजित किए जाते हैं ताकि छात्रायें नई नई विधायें सीख सकें और मानसिक रूप से स्वस्थ और खुश रहें। इस अवसर पर छात्राओं ने सामूहिक रूप से नृत्य के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की साथ ही देश भक्ति, लोक, बुंदेली और भजनों पर सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्राओं को संगीत का कुशल प्रशिक्षण महेंद्र पटेल ने दिया वहीं नृत्य कला प्रिया असाटी ने सिखायी तो वहीं कचरा से कंचन की कला का प्रशिक्षण अनुश्री सेन ने दिया। इस अवसर पर प्रशिक्षकों और प्रशिक्षित छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मंच संचालन श्रीमती सपना जैन ने किया वहीं आभार डॉ आलोक सोनवलकर ने व्यक्त किया।

# सड़क के दोनों तरफ खड़े ट्रक से बन रहा खतरनाक दुर्घटना स्पॉट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़



मंगलवार की रात्रि 8 बजे टंडन पेट्रोल पंप के पास अज्ञात ट्रक द्वारा मवेशी के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी जिससे मौके पर ही मौत हो गई। । लोगों के बताएं अनुसार टंडन पेट्रोल पंप ट्रक डीजल भरवा कर पंप की पास ही मवेशी के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। लोगों ने जब तक देखा तब तक तड़पते मवेशी ने दम तोड़ दिया था। लोगों ने ट्रक ड्राइवर को रोकने की कोशिश की लेकिन ट्रक ड्राइवर नहीं रुका। लोगों के बताए अनुसार ट्रक झांसी माल लेकर जा रहा था। नरसिंहगढ़ गोरक्षा समिति के सदस्यों को पता चला सभी तत्काल में पहुंचे और उन्होंने देखा तो बछड़ा खत्म हो चुका था। जानकारी लगाई गई तो गौ रक्षा समिति के सदस्यों ने तो उन्होंने बताया पटेल ट्रांसपोर्ट की गाड़ी थी माल भरकर झांसी जा रही थी जिसकी सूचना नरसिंहगढ़ पुलिस चौकी में दी गई। मौके पर पुलिस पहुंची और जानकारी जुटाना में लग गई है।

#### समिति कर रही गौ सेवा

गोरक्षा समिति के द्वारा ऑटो में रखकर बछड़े को रात्रि में चौकी के अंदर रखा गया। पोस्टमार्टम करवा कर उसका दूसरे दिन जेसीबी से गड्ढा खोदकर बछड़े को दफनाया गया। गौ रक्षा समिति नरसिंहगढ़ के द्वारा लगातार आसपास के क्षेत्र में मवेशियों के साथ कोई घटना होती है या मवेशी मृत हो जाते हैं तो उन्हें नरसिंहगढ़ के पास ही जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफना दिया जाता है। नरसिंहगढ़ पुलिस जानकारी में जुटी हुई है किसकी गाड़ी है।

#### दुर्घटनओं को स्पॉट बना

टंडन पेट्रोल पंप के पास यह पहली घटना नहीं, इससे पहले कई घटनाएं हो चुकी है जिनमें कई लोगों की मौत भी हो गई है। यह एक एक्सीडेंट पॉइंट बना हुआ है क्योंकि पंप के दोनों साइड काफी गाड़ियां ट्रक खड़े रहते हैं। यह किशनगंज मार्ग दमोह छतरपुर मार्ग से जुड़ता है उस पर भी गाड़ियां खड़ी रहती हैं और एक दमोह छतरपुर पेट्रोल पंप के आमने-सामने काफी मात्रा में गाड़ी खड़ी होती है। अभी तक इस पर कोई कार्रवाई शासन प्रशासन के द्वारा नहीं की गई है। छोटे वाहन वालों को भी काफी डर बना रहता है। कब कहां से कौन सी गाड़ी आ जाए कोई भरोसा नहीं। एक साल के अंदर लगभग पेट्रोल पंप के पास कई मौतें हो चुकी है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह (म.प्र.)**

Email id- cmohatta@mpurban.gov.in | Ph- 07604-262237

क्र./ न.पा./2025-26 **दावा आपत्ति सूचना** हटा दिनांक 21/05/2025

एतद् द्वारा नगरीय क्षेत्र के समस्त रहवासियों को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के पात्र हितग्राहियों का चयन प्रक्रियाधीन है। न.पा. में नियत दिनांक तक कुल 1055 आवेदन आनलाइन प्राप्त हुए जिनमें से 102 हितग्राही पात्र एवं 267 हितग्राही अपात्र पाए गय शेष 686 हितग्राहियों को पात्रता के संबंध में मार्गदर्शन चाहा गया है। अत: पात्र एवं अपात्र हितग्राहियों की सूची नगर पालिका के सूचना पटल पर, निकाय के वेबसाईट एवं विभाग के वेबसाईट WWW.MPURBAN.GOV.IN पर उपलब्ध है।

उपरोक्त हितग्राहियों के संबंध में दावा आपत्ति दिनांक 21/05/2025 से दिनांक 04/06/2025 तक कार्यालयीन समय में की जा सकती है। समय सीमा उपरान्त की गई आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हटा, जिला दमोह**